## सार-समाचार

### रेवदर-कांडला हाइवे पर ट्रक ने कैंपर गाड़ी को टक्कर मारी, चार घायल

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर-कांडला हाइवे पर राजेश्वर स्कूल के पास रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। करोटी की ओर से आ रहे बेकाबू ट्रेलर ने रेवदर से करोटी की तरफ जा रही कैंपर गाड़ी को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर कैंपर को करीब 20 फीट तक घसीटते हुए मारुति शोरूम तक ले गया। हादसे में कैंपर सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद कैंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग गाड़ी में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर घायलों को कैंपर से बाहर निकाला और रेवदर अस्पताल पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस थाना रेवदर एएसआई गणेशराम सहित हैड कांस्टेबल हुक्माराम सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू करते हुए ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर थाने ले गए। साथ ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना दर्दनाक था कि कैंपर चकनाचूर हो गई। जानकारी के अनुसार यह बात भी बताई जा रही है कि ट्रेलर चालक चालक के नशे में होने की संभावना भी जताई जा रही है, यह तो पुलिस द्वारा मेडिकल जांच के बाद में ही ज्ञात हो पाएगा कि चालक शराब के नशे में था या नहीं। गौरतलब है कि पिछले कई समय से इस हाइवे पर कई लोगों ने अपनी जान गवाई है पूर्व में भी क्षेत्र के ग्रामीणों ने हाइवे आंदोलन भी किया, लेकिन अभी तक हादसों का दौर चालू है। गनीमत रही कि हादसा स्थल पर ही विद्यालय है, जहां रोजाना सैकड़ों बच्चे पढ़ने आते हैं, लेकिन रविवार अवकाश होने की वजह से किसी अन्य जनहानि नहीं हुई अन्यथा विद्यालय सुचारु होता तो बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से बड़े हादसे की भी संभावना हो सकती थी।

### पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जालोर**, (नि.सं.)। जालोर हिन्दू युवा संगठन संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार ने बताया की संस्था के जिला कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी भीखाराम प्रजापत द्वारा विद्यालय प्रागण व विभिन्न स्थानों में पौधारोपण कर पर्यावरण का संकल्प लिया। महामंत्री ने बताया कि आज के समय में धरती माता का श्रृंगार और पर्यावरण और धरती को हरा भरा करने के लिए युवाओ को आगे आकर वृक्षारोपण करना चाहिये उन्होंने सन्देश देकर बताया कि यह हमारे पर्यावरण को संतुलित रखता है, शुद्ध ऑक्सीजन करता है, हानिकारक गैसों को सोखता है, वर्षा लाने में मदद करता है, और मिट्टी के कटाव को रोकता है, जिससे पृथ्वी पर जीवन सुरक्षित रहता है। भीखाराम प्रजापत ने बताया कि युवाओं को अपील करते हुए कहा कि युवाओं ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिये ,और लगाए गए वृक्षों की समय पर देखभाल खाद , मिट्टी और समय पर पानी सहित उचित देखभाल करना चाहिए। वहीं उन्होंने अपने जन्मदिन , वैवाहिक जीवन वर्षगांठ और महापुरुष की जन्मजयंती पर युवाओं को आगे आकर वृक्षारोपण करने की बात कही। इस अवसर पर स्कूल के ट्रस्टी श्री दिलीप सर , भाविसा , मयूरी, पिंटू , शिवानी, नेहा परिहार , रेणुका परिहार ,गोपाल , महेंद्र, अविनाश, पिन्टू भाई, भीखाराम प्रजापत ,श्रीमति नेहा , शशिकांत , रिडमल, आदित्य सहित कई जने उपस्थित थे

### शिव मंदिर में बाबा की प्रतिमा आज रखेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। लोकदेवता बाबा रामदेव की प्रतिमा सोमवार को भक्तों के दर्शनार्थ पब्लिक पार्क, शिव मंदिर में रखी जाएगी। मुंबई के विख्यात कारीगरों द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए काँच के भव्य सिंहासन पर बाबा की प्रतिमा को विराजमान कर बाद में रूणिचा धाम के लिए रवाना किया जाएगा। मुख्य संयोजक संदीप चौहान ने बताया कि मुनिजी महाराज के पावन आशीर्वाद व सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य से पब्लिक पार्क शिव मंदिर के महादेव ठापु द्वारा निर्मित इस दिव्य सिंहासन को पैदल यात्रा से पूर्व आमजन के दर्शनार्थ पब्लिक पार्क स्थित शिव मंदिर में सोमवार को प्रात: 10 से 15 अगस्त तक अमरनाथ महादेव शिवलिंग के समीप रखा गया है। सेवाधारी नीरज सिंहल ने बताया कि दर्शन लाभ के पश्चात, बाबा रामदेवजी की नव-निर्मित छवि को इस काँच के सिंहासन के साथ एक बेहद आकर्षक सुनहरे रथ में स्थापित किया जाएगा। भक्ति और श्रद्धा के अनोखे संगम के रूप में महादेव ठापु के सदस्य इस सुनहरे रथ को स्वयं अपने हाथों से खींचते हुए रूणिचा के लिए पैदल प्रस्थान करेंगे।

### लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा अगस्त क्रांति दिवस पर लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जोधपुर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष हेमंत शर्मा ने बताया कि देश में केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोकतंत्र को बचाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के आ ान पर इस यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा को कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष ओमकार वर्मा, निवर्तमान महापौर कुंती देवड़ा, नगर निगम जोधपुर दक्षिण के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गणपत सिंह चौहान ने झंडी दिखाकर रवाना किया। लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा में शहजाद अयूब खान, मनीषा पंवार,महिला सेवादल जिलाध्यक्ष गुड्डी खान, लियाकत अली रंगरेज, हरेन्द्र सिंह राठौड़, रेखाराम चौधरी, यूसुफ खान नागौरी, विनोद तेजी, महेंद्र चौधरी, श्याम लाम्बा, जय रूप भार्गव, रफीक ताजक, लियाकत लौहार, गौरी शंकर आचार्य, महेंद्र जांगिड़, राजेंद्र भाटी, सलमान मेहर, वर्षा चौहान, योगिता खींची, डॉ धनपत गुजर, नरेंद्र शर्मा, अनिल गौड़, प्रदीप पंवार, बृजेश पुरोहित, रामनिवास गोदारा, त्रिलोक मेहरा, फरजाना चौहान, स्नेहलता गज्जा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा ने संयोजक व सह संयोजक बनाए

फलोदी, (निसं) । भारतीय जनता पार्टी जिला फलोदी के मण्डलों के तिरंगा यात्रा के संयोजक व सह संयोजकों की प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक मिथिलेश गौतम, जिलाध्यक्ष ज्योति जाणी के निर्देशानुसार घोषणा की गई । तिरंगा यात्रा जिला संयोजक डॉ माधुसिंह देवडा पलीना ने बताया कि फलोदी शहर जुगल किशोर गुचिया,महेश शर्मा, विमला सुथार, फलोदी पश्चिम ओमप्रकाश-खारा, बालुसिंह-बावडी, रमेश कुमार,फलोदी पूर्व गोपाल रंगा,गुमानसिंह राजपुरोहित-खीचन, हनुमानजी पूनिया भींयासर बाप रवि पालीवाल अजीतसिंह खीरवा पीएमप्रकाश विश्नोई, जाम्बा, हजारीराम पूनिया,भजनलाल,सांगसिंह,लोहावट कमल सारस्वत, इन्द्राराम सुथार,मांगूसिंह ढेलाणा, कोलू ठाकुरलाल पालीवाल. सह संयोजक शंकरसिंह, ओमप्रकाश,देचू संयोजक मूलसिंह-सेतरावा,सह संयोजक बाबुसिंह-जैतसर,महेन्द्रसिंह-गुमानपुरा, नरेन्द्र राव,बापीणी, हनवन्तसिंह जाखण, जितेन्द्रसिंह, देणोक संयोजक शिशपालसिंह,सह संयोजक रावल ढोली,दीपुसिंह को जिम्मेदारी दी गई।

### फलोदी जिले में तिरंगा प्रभात फेरी निकाली

**फलोदी**, (कासं) । जिले में रविवार को तिरंगा प्रभात फेरी के साथ हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत वंदे मातरम भारत के जयकारों के साथ की गई द्य इस दौरान जन सहभागिता के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शारदा व्यास ने बताया कि 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला, नगरीय निकाय, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जन भागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन की आज से शुरूआत की जा रही। इसकी विधिवत शुरुआत जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक रविवार को प्रात: 8 से 11 बजे तक स्थानीय जन समुदाय की सहभागिता के साथ तिरंगा प्रभात फेरी से की जा रही। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में ग्राम पंचायत लोर्डिया में अभियान के दौरान सरकारी भवनों समेत अन्य प्रमुख इमारतों को आकर्षक तिरंगा रोशनी से सजाने के लिए विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों द्वारा आज एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

### अगस्त क्रांति दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**फलोदी**, (कासं) । महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान फलोदी के संयोजक रावलचंद माली व युवा संयोजक पपुराम नगारची ने जयपुर गांधी वाटिका मे अगस्त क्रांति दिवस भारत सेवा संस्थान, भारत सेवा फाउंडेशन एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान राजस्थान द्वारा आयोजित संगोष्ठी विषय युवा क्रांति है, वर्तमान चुनौतियों का समाधान कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य वक्ता गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के अध्यक्ष कुमार प्रशांत व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता मे कार्यक्रम हुआ। जिसमे राजस्थान विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता टिकाराम जुली, आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत, जी एस बापना, श्याम सुन्दर जोशी, आर पी एस सी के पूर्व अध्यक्ष बी एम शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किये।

# भील शबरी बस्ती जालोर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं) । जालोर शहर के ठाकुर जी मंदिर, भील शबरी बस्ती में विश्व आदिवासी दिवस श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकजुटता के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में समाज के पंच-पटेलों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं बडी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, शिक्षा एवं सामाजिक विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में पुष्पेंद्र राणा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने समाजजनों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के साथ सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदारी का आ ान किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता मनोहर राणा ने आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं को मजबूत करने तथा नई पीढी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाने पर अपने विचार व्यक्त किए।

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में समाज की ओर से भव्य रैली भी निकाली गई। रैली ठाकुर जी मंदिर, भील शबरी बस्ती से प्रारंभ होकर अंबेडकर सर्किल तक पहुंची।

रैली में समाजबंधु पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ शामिल हुए। रैली के दौरान आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति, परंपराओं एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



जालोर में विश्व आदिवासी दिवस पर रैली का सूरजपोल के बाहर सनातन धर्म प्रेमियों ने जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्य क्रम एवं रैली में जवाराम गोयाराम जसराम हंसराम, मूलाराम, भुधाराम भगत, राणाराम, हंसराम, लाटाराम, वग्गाराम, सरवन कुमार सहित समाज के पंच-पटेल, वरिष्ठजन, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

जालोर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर निकाली गई रैली का सूरजपोल के बाहर सनातन धर्म प्रेमियों की ओर से स्वागत किया गया। रैली के दौरान सर्व समाज के लोगों ने जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर आदिवासी समाज के लोगों का तिलक लगा कर आत्मीय अभिनंदन किया।

जेसीबी से हुई पुष्पवर्षा ने रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढा दिया। सर्व समाज की ओर से किए गए इस स्वागत को सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी प्रेम की मिसाल बताया गया। रैली में शामिल लोगों ने भी स्वागत के लिए सर्व समाज का आभार जताया। रैली में भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

इस दौरान महेश भट्ट, रतन सुथार, खुशवंत नाग, शिवपाल सिंह राणावत, श्रवणसिंह चंपावत, रमेश मेघवाल, गौरव अग्रवाल, हनवंतसिंह चरण, , सुशील माहेश्वरी, हरिसिंह चरण, लालसिंह चौहान, तरुण सिद्धावत, नितेश भटनागर, डूंगर देवासी, गणपतसिंह राठौड, गोरखाराम गवारिया, हरिसिंह राव, दलपत गुर्जर, मोहब्बतसिंह उदावत, कृष्णपाल सिंह सामुजा, लखन बंजारा, नटवरसिंह बालावत सहित सनातनप्रेमी मौजूद रहे।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। भगत की कोठी थाना पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 7 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

भगत की कोठी थाने में जनता कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार मीणा (42) ने बताया कि 23 जुलाई को दोपहर 2:30 बजे उन्होंने अपनी बाइक पाई क्लासेज, सेंट एन्स स्कूल के पास दीवार के पास खड़ी की थी। शाम 5:30 बजे जब वे वापस लौटे तो बाइक गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी संतोष चौधरी ने चोरी की घटनाओं का डेटाबेस तैयार किया। एएसआई सैठाराम के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई। टीम ने लगभग 700 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। आरोपियों ने 7 मोटरसाइकिलें चुराने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने सुनील चौधरी (30) 48, सांगरिया और जोगसिंह (20) सांगरिया, बासनी को गिरफ्तार किया। आरोपी सुनील के खिलाफ पहले से वाहन चोरी के 5 मामले दर्ज हैं।

# पाली में कांग्रेस सेवादल ने तिरंगा यात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। अखिलभारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक बी वी श्रीनिवासन एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देश अनुसार लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

पाली जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला व सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में एवं पाली विधायक भीमराज भाटी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित ,कांग्रेस नेता महावीरसिंह सुकरलाई के निर्देशन में कांग्रेस कार्यलय से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय तक महात्मा गांधी,पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, शुभाष चंद्र बोस, राजीव गांधी,डॉ नारायण सुबाराव हार्डिकर सहित महापरुषो एव कांग्रेस पार्टी के गगन भेदी नारों के साथ निकाली गई साथ ही कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई ।

कार्यक्रम को पाली विधायक भीमराज भाटी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त का दिन ऐतिहासिक है आज के दिन राष्ट्रिपता महात्मा गांधी ने1942 में अंठोजों भारत छोड़ो आंदोलन किया था तब जाकर देश आजाद हुआ है वर्तमान में मोदी सरकार मे लोकतंत्र एव संविधान दोनों ख़तरे मे है ऐसे में सेवादल संगठन की महती जिम्मेदारी बढ़ जाती हैं ऐसी परिस्थितियों में सेवादल के कार्यकर्ता मजबूती से मुकाबला कर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का कार्य करे

पाली शहर कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, जिला संगठन महाचसिव जोगाराम सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष भंवर राव, पंचायत राज विभाग जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, महासचिव हाजी महबूब टी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, जिला प्रवक्ता ताराचंद चंदनानी, मांगूसिंह दुदावत, मोहनसिंह राजपुरोहित, दिलीपसिंह रावलवास, रफीक चौहान, सेवादल जिला महिला अध्यक्ष फरीदा बानो पठान, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गिरधारी लाल मीणा, दिनेश दवे,भुराराम देवासी,पुखराज परमार, भूपेश मेवाड़ा, जस्साराम परिहार, रामसिंह इन्दा, चम्पालाल राजपुरोहित, मूलाराम मीणा, जगदीश प्रजापत, नन्देश्वर जोशी, असलम मेहर, सोहन पालीवाल, श्याम बागोरिया, विनोद चांवरिया, अशोक चौहान, धनराज आर्य, गुलाब सोढा, घनश्याम भाटी,राजू सिंह सिसोदिया, नेनाराम बंजारा, नारायणलाल पुछल, मालाराम राठौड़, खरताराम सालारिया, जगदीश गर्ग, इरशाद सिलावट, मांगीलाल पंवार, नैनाराम पंवार, सिकन्दर पठान, गणपत लाल दर्जी, मोहनलाल बावल, चुन्नीलाल सीरवी, बाबूलाल सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी, नेमाराम सुथार, मोहनलाल पंवार, कानाराम काग, राजबहादुर भटनागर, धन्नाराम सरगरा, जिर्तेंद्र सिंह, राजूभाई खारड़ा, चुन्नीलाल पावा, कानाराम सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### जोधपुर में बारिश

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में रविवार दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, पाल लिंक रोड, शास्त्री नगर, नेहरू पार्क सहित कई इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई।

# 11 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई इकाइयां ध्वस्त

- **बालोतरा जिले में औद्योगिक प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के तहत पुलिस चौकी पाटोदी व थाना गिड़ा क्षेत्र में संचालित 11 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों का ध्वस्तीकरण किया**

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा जिले में औद्योगिक प्रदूषण फैलाने वालों पर बालोतरा पुलिस ने पुलिस, प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की संयुक्त कार्यवाही कर 11 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयाँ ध्वस्त की है।

पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा राजेश कुमार कॉवत आईपीएस ने बताया कि जोजरी -बांडी-लूणी नदी प्रणाली में औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित विशेष जांच दल की अध्यक्ष लवली कटियार आईपीएस, महानिरीक्षक पुलिस, सिविल राइट्स एण्ड एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार हरफूल सिंह आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा के निकटतम सुपरविजन में बाबूलाल मुरारिया आरपीएस अनुसंधान अधिकारी विशेष जांच दल एवं वृताधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए पुलिस चौकी पाटोदी व थाना गिड़ा क्षेत्र में संचालित कुल 11 अवैध कपडा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों का ध्वस्तीकरण किया गया।

बालोतरा जिले के पचपदरा क्षेत्र में अवैध कपडा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों व सुनसान खेतों में अवैध रूप से कपडा धुलाई-रंगाई कर अपशिष्ट रासायनिक जल से प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशानुसार बाबूराम निपु. थानाधिकारी पचपदरा के नेतृत्व में बीट कांस्टेबलों, बीट प्रभारियों व आसूचना के आधार पर शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो (विशेषकर नदियों, नालों, कृषि भूमि और सूनसान इलाकों) में गश्त एवं बीट भ्रमण के दौरान पुलिस चैकी पाटौदी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चोरी-छिपे कप?ा धुलाई-रंगाई संबंधी कुछ औद्योगिक इकाइयों के संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना का सत्यापन करने पर पुलिस चैकी पाटोदी क्षेत्र में कुल 9 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयाँ चिन्हित की गईं। उक्त अवैध इकाइयों के संबंध में नियमानुसार रिपोर्ट राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बालोतरा को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई। प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन में 8 इकाइयाँ पूर्णत: अवैध रूप से संचालित पाई गईं। जिस पर विस्तृत रिपोर्ट जिला कलैक्टर बालोतरा को प्रेषित की गई। इसी प्रकार प्रशासन को 3 अन्य अवैध कप?ा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई, जिनका भी सत्यापन किया गया।

कलैक्टर बालोतरा के आदेशानुसार पुलिस, प्रशासन तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बालोतरा द्वारा 8 अगस्त को संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी 11 अवैध कपडा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों का ध्वस्तीकरण कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान रमेश डउकिया तहसीलदार गिडा, रूस्तम खान तहसीलदार पाटोदी, गणेश गोदारा, कनिष्ठ पर्यावरण अधिकारी, हरीश परिहार कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, दलपतसिंह कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बालोतरा तथा राजु चौधरी कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय विकास अधिकारी पाटोदी उपस्थित रहे।

अवैध औद्योगिक इकाइयों के संचालन को लेकर उपयोग में ली गई भूमि के स्वामियों में सलमान खान पुत्र जमजी खान, जाति मुस्लिम, निवासी नयागांव, थाना पचपदरा, सलमान खान पुत्र जमजी खान, जाति मुस्लिम, निवासी नयागांव, थाना पचपदरा, कालू खान पुत्र गाजी खान, जाति मुस्लिम, निवासी केसरपुरा, थाना पचपदरा, . हुसैन खान पुत्र रायधन खान, जाति मुस्लिम, निवासी इन्द्रानगर, केसरपुरा, थाना पचपदरा, . हुसैन खान पुत्र रायधन खान, जाति मुस्लिम, निवासी इन्द्रानगर, केसरपुरा, थाना पचपदरा, . निजाम खान पुत्र वली खान, जाति मुस्लिम, निवासी खालतरो की ढाणी, केसरपुरा, . हासम खान पुत्र जगमाल खान, जाति मुस्लिम, निवासी केसरपुरा, थाना पचपदरा, . रहीम खान पुत्र हयात खान, जाति मुस्लिम, निवासी केसरपुरा, थाना पचपदरा, . हिंदल खान पुत्र कादर खान, जाति मुस्लिम, निवासी गाला ढाणी, थाना पचपदरा, . इसाक खान पुत्र हैदरखान, जाति मुस्लिम, निवासी गाला ढाणी, थाना पचपदरा, . जोगाराम जाति जाट, निवासी केसुम्बला, थाना गिड़ा है।

# जोधपुर में बच्चे की मौत को लेकर परिजन व लोग धरने पर बैठे

- **परिजन ने आरोप लगाया कि प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया था**
- **तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टर ने बच्चे को उम्मेद अस्पताल रैफर कर दिया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया**

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के एक प्राइवेट क्लिनिक में ढाई साल के बच्चे की मौत के दूसरे दिन परिजन और समाज के लोग महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए,

मामला जोधपुर शहर के महामंदिर थाना क्षेत्र का है, जहां मानजी का हत्था इलाके में स्थित राज क्लिनिक में शनिवार को ढाई साल के जियांश को परिजन इलाज के लिए लेकर आए थे। उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उम्मेद अस्पताल लेकर गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया था और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था। परिजनों के साथ धरने पर बैठी जियांश की मां ने बताया कि बच्चे को 2-3 दिन से उल्टी-दस्त की तकलीफ थी। गांव में दिखाया तो कोई फर्क नहीं पड़ा। इसलिए जोधपुर लेकर आए। शनिवार सुबह यह सोचकर जल्दी आ गए कि जल्दी पर्ची कट जाएगी और बच्चे का चेकअप हो जाएगा। सुबह 9 बजे क्लिनिक पर पहुंचे, जहां सुबह 11.40 बजे डॉक्टर आया। तब तक बच्चा बातचीत कर रहा था और फ्रूट भी खाए। इसके बाद बच्चे को ड्रिप चढ़ाई तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

डॉक्टर को बताया तो उन्होंने एक और इंजेक्शन ड्रिप में डाल दिया। इसके बाद तबीयत और बिगड़ गई तो डॉक्टर ने उम्मेद अस्पताल रैफर कर दिया। वहां से बच्चे को लेकर परिजन तुरंत उम्मेद हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और बच्चे को न्याय मिले, यही हमारी मांग है। वहीं, डॉक्टर राज धारीवाल ने कहा कि बच्चे को पिछले तीन दिनों से गंभीर उल्टी-दस्त (डायरिया) की शिकायत थी। जब दो महिलाएं शनिवार सुबह उसे लेकर क्लिनिक आईं, तो बच्चे का ऑक्सीजन लेवल केवल 68 प्रतिशत था और उसका सोडियम भी काफी कम हो चुका था। वे सुबह 7 बजे से ही क्लिनिक के बाहर बैठी थीं, जबकि उन्हें पता था कि मैं सुबह 10:30 बजे आता हूं। मैंने आते ही तुरंत इलाज किया और ऑक्सीजन लेवल 85 प्रतिशत तक लेकर आया। इसके बाद मैंने खुद उम्मेद अस्पताल में फोन कर डॉक्टर को केस की जानकारी दी और पास से टैक्सी करवाकर परिवार को वहां भेजा। इतना सब करने के बाद भी मुझ पर झूठे आरोप लगा रहे हैं।

मृतक बच्चा जियांश पाली का रहने वाला है। वह बावड़ी, जोधपुर में अपने नाना के पास आया हुआ था। परिजनों के अनुसार, जियांश के पिता अतीश बीमार रहते हैं जबकि मां सुशीला मेड का काम करती हैं।

महामंदिर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चे के शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मेडिकल बोर्ड से बच्चे का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। फिलहाल परिजनों से समझाइश का प्रयास चल रहा है।

### नाले पर बना टीन शेड ढहा

**जोधपुर**, (कासं)। रातानाडा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां एक पेट्रोल पंप के पास नाले पर टीन शेड लगाकर किया गया निर्माण अचानक ढह गया। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ।

इस हादसे में वहां खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी मलबे के नीचे दब गई, जिसे बाद में क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। पीड़ित जगदीश (स्कॉर्पियो मालिक) ने बताया मेरी स्कॉर्पियो टीन शेड के नीचे खड़ी थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊण, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं / 2026-27/73 दिनांक-7/8/26

**निविदा सूचना संख्या 03/2026-27**

ग्राम पंचायत ऊण द्वारा कुल 2 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB NO.: ZJR2627A0527
UBN NO.: ZJR2627WS0B00690 & ZJR2627WS0B00692

प्रशासक, ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊण, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक /ग्रापं / 2026-27/79 दिनांक : 7/8/26

**निविदा सूचना संख्या 04/2026-27**

ठाम पंचायत ऊण द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB NO.: ZJR2627A0528
UBN NO.: ZJR2627WS0B00693

प्रशासक, ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर (राज.) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर (राज.)

**तीये की बैठक**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**आर्किटेक्ट विश्वनाथ शर्मा (फलोड)**

का बैकुण्ठवास दिनांक 08.08.2026 को हो गया है। तीये की बैठक आज दिनांक 10.08.2026 को सायं 5 से 6 बजे तक महावीर स्कूल सी-स्कीम, जयपुर पर होगी।

शोकाकुल परिवार

हरीमोहन-शिवबाला, कृष्णमोहन-सन्तोष, शिवमोहन-इन्द्रा (पुत्र-पुत्रवधू), नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार (भ्राता), नरेश, दिनेश, लोकेश, प्रतीक, प्रवीण, प्रशान्त (भतीजे), नवीन, हर्ष, डॉ.गौरी, डॉ.ऋषि, एडवोकेट लक्ष्य, उदय, धनंजय, आयुष्मान, अद्विक (पौत्र), स्वाती-अरविन्द भाभडा, श्वेता-नितीश शर्मा (पौत्री-दामाद) एवं समस्त फलोड परिवार

**विश्व प्रेम चैम्बर्स, अजमेर रोड, जयपुर**

मो.: 9660961113, 9828011025, 9828112525

# सांडेराव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म का शिलान्यास

**पाली/सुमेरपुर**, (नि.सं.)। पशुओं में नस्ल सुधार और उनके संरक्षण की दिशा में राजस्थान ने रविवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश के एकमात्र एवं प्रथम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव साण्डेराव में स्थापित हो रहे इस सेंटर के प्रशासनिक भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। संभंतया यह देश का भी पहला एवं एकमात्र एक्सीलेंस इंडीजिनस सेंटर है, जहां एक साथ गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊंट व घोड़े की 30 प्रजातियों के नस्ल सुधार एवं संवर्धन का कार्य होगा।



**पशुपालन, गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सांडेराव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए राजस्थान सरकार की बजट घोषणा (2025-26) की क्रियान्विति के तहत काम शुरू कर दिया गया है। इस पूरे सेंटर के निर्माण और विकास पर करीब 60 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह अत्याधुनिक सेंटर करीब 200 बीघा की विशाल भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान की पारंपरिक और विशिष्ट पशु प्रजातियों का संरक्षण करना है।

## पशुओं की 30 प्रजातियों का होगा सुधार व संवर्धन

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि करीब दो वर्ष में यह सेंटर पूर्ण रूप से अपना मूर्त रूप ले लगा। यह देश का एकमात्र ऐसा सेंटर होगा, जहां एक साथ गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊंट व घोड़े की 30 प्रजातियों के नस्ल सुधार व संवर्धन पर रिसर्च होंगे। उन्होंने बताया कि खासकर उन प्रजातियों पर अधिक फोकस होगा, जो कि राजस्थान की हैं। कुमावत ने बताया कि गाय में गिर, कॉकरेंच, राठी, थारपारकर, साहिवाल, नागौरी, मालवी व हरियाणा नस्ल का सैक्स सोर्टेड सीमन, कृत्रिम गर्भाधान व उन्नत नस्ल के सांड से सुधार व संवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खासकर दुनिया की सबसे छोटी गाय की पुंगनूर प्रजाति के नस्ल सुधार को लेकर भी संरक्षण व संवर्धन के लिए रिसर्च किया जाएगा। मूल रूप् से आंध्रप्रदेश की इस पुंगनूर नस्ल की गाय के पालन को लेकर पशुपालकों में खासा उत्साह है। इसके अलावा भैंस की स्वदेशी प्रजाति- मुर्रा, सूरती, जाफराबादी, मेहसाना, भेड़ की मगरा, मारवाड़ी, नाली, चोकला, पूगल, जैसलमेरी, मालपुरा व सोनाड़ी, बकरी की राजस्थान की प्रजाति- बारबरी, सिरोही, जमनापारी, जखराना, सोजत, मारवाड़ी, ऊंट की प्रजाति- जैसलमेरी व बीकानेरी तथा घोड़े की एकमात्र राजस्थान की प्रजाति मारवाड़ी के नस्ल का संरक्षण व संवर्धन किया जाएगा।

## पशुपालकों को प्रशिक्षण व उन्नत नस्ल के पशु मिलेंगे

यह सेंटर सिर्फ एक अनुसंधान केंद्र नहीं होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक बड़ा जरिया बनेगा। पशुपालन मंत्री कुमावत ने बताया कि उद्यिमता को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन के क्षेत्र में नए स्टार्टअप और उद्यिमता को विकसित किया जाएगा। इसके साथ-साथ पशुपालकों को आधुनिक और नवीन वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। वहीं, समय-समय पर पशुपालकों के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे। यहाँ से पशुपालकों को सीधे उन्नत नस्ल के उच्च गुणवत्ता वाले पशु भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## प्रशासनिक ढांचा और नए पदों का सृजन को मंजूरी

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इसके तहत पशुपालन विभाग के लिए कुल 15 पदों का सृजन किया गया है, जिनमें 07 स्थायी पद शामिल हैं। वहीं, 8 पद संविदाकर्मियों के लिए सृजित किए गए हैं।

## इको-फ्रेंडली-ग्रीन टेक्नोलॉजी से लैस होगा सेंटर

आधुनिकता के साथ-साथ इस सेंटर को पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

इस फार्म की दो सबसे बड़ी तकनीकी खास बातें होंगी। पहला, पूरे परिसर की बिजली और ऊर्जा जरूरतों के लिए सौर ऊर्जा जैसे पर्यावरण-अनुकूल स्त्रोतों का बेहतरीन उपयोग किया जाएगा।

साथ ही पानी की हर बूंद को सहेजने के लिए उन्नत वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे भूजल स्तर सुधरेगा और फार्म आत्मनिर्भर बनेगा। वहीं, इस सेंटर का पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जा रहा है।

इस शिलान्यास समारोह के दौरान सरस डेयरी, पाली के अध्यक्ष प्रताप सिंह बिठिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह नेतरा, सुमेरपुर एसडीएम कालूराम कुम्हार, विकास अधिकारी शैलेंद्र जोशी, निम्बेश्वर महादेव ट्रस्ट, साण्डेराव के अध्यक्ष जगत सिंह राणावत, साण्डेराव की प्रशासक दाकू देवी, साण्डेराव मण्डल के अध्यक्ष जोराराम देवासी, समाजसेवी गणपत सिंह देवतरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रगतिशील पशुपालक व ठामीण मौजूद रहे।

# बासनी स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के बासनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक कोच मार्गदर्शन प्रणाली शुरू कर दी गई है।

जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि बासनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 पर 24-24 कोच मार्गदर्शन डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा दोनों प्लेटफॉर्म पर एक-एक सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड,प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर एक एट ए ग्लांस डिस्प्ले बोर्ड तथा फुट ओवर ब्रिज पर दो डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि बासनी रेलवे स्टेशन पर कोच मार्गदर्शन प्रणाली का संचालन वाणिज्य विभाग द्वारा किया जाएगा,जबकि इसके रखरखाव की जिम्मेदारी सिग्नल एवं दूरसंचार (एसएंडटी) विभाग के पास रहेगी। संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर वाणिज्य विभाग संबंधित एसएंडटी अधिकारियों को सूचना देकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य स्टेशनों पर भी इस तरह की आधुनिक व्यवस्था प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। नई व्यवस्था से यात्रियों को ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही अपने कोच की सही स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। इससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ कम होगी,यात्रियों को अपने कोच तक पहुंचने में आसानी होगी। चढ़ने-उतरने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित,सुरक्षित और सुगम बनेगी।

# जैसलमेर जेल का डीआईजी कारागार ने निरीक्षण किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। उपमहानिरीक्षक कारागार रेंज जोधपुर राकेश मोहन शर्मा ने रविवार को जिला जेल जैसलमेर का औचक निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा ऑडिट, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाओं, मुलाकात व्यवस्था, प्रहरी लाइन तथा ओपन एयर कैम्प सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

कारागृह उपाधीक्षक मुरली मनोहर सुथार ने उपमहानिरीक्षक को जेल में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उपमहानिरीक्षक शर्मा ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बंदियों से संवाद, समस्याओं के समाधान के निर्देश

उपमहानिरीक्षक शर्मा ने बंदियों से संवाद कर उनके रहन-सहन, भोजन, चिकित्सा, मुलाकात सहित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन का दायित्व केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जाना चाहिए।

## 'सुरक्षा व्यवस्था लापरवाही नहीं हो'

उपमहानिरीक्षक शर्मा ने जेल एवं आरएसी स्टाफ से संवाद करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल की आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूरी तरह पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सुरक्षा ऑडिट में सामने आने वाले बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य करने के भी निर्देश दिए।

## सुधारात्मक गतिविधियों व खेलों को बढ़ावा पर जोर

उपमहानिरीक्षक ने बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास के लिए संचालित सुधारात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने बंदियों को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए इनडोर गेम्स सहित अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए, ताकि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके।

उन्होंने जरूरतमंद बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने, जेल में एसटीडी सुविधा एवं कैंटीन व्यवस्था के विस्तार तथा बंदियों को आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जेल की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली

औचक निरीक्षण के दौरान जिला जेल जैसलमेर की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उपमहानिरीक्षक ने जेल प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन, चिकित्सा एवं बंदी कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जेल की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास की दिशा में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आहवान किया।

# सिलावट समाज कब्रिस्तान में पौधारोपण किया



**जालोर के ईदगाह स्थित सिलावट समाज कब्रिस्तान में पौधारोपण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के ईदगाह स्थित सिलावट समाज कब्रिस्तान में रविवार को सिलावट समाज के लोगो ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम संयोजक एवं मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान के जिलाध्यक्ष शहजाद खान ने बताया कि ईदगाह सिलावट समाज कब्रिस्तान में समाज के लोगों द्वारा साफ सफाई कर पौधारोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण का संदेश दिया।

ग्लोबल वार्मिग को देखते हुए सभी को अपने आस पास अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए और प्रकृति के प्रति सदैव कर्तव्य होकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर सभी लोगों को पौधारोपण में बढकर का हिस्सा लेना चाहिए।

सिलावट समाज कब्रिस्तान में विभिन्न प्रजाति के 20 पौधे लगाए गए और उनका नियमित रूप से पानी देने का सभी ने संकल्प लिया गया।

इसके अलावा कब्रिस्तान के गार्डन मे साफ सफाई कर समाज बंधुओं ने श्रमदान किया गया। इस अवसर पर समाज विकास पर भी चर्चा की गई

इस अवसर पूर्व पार्षद अयूब शेख, साकिर अली , रहमान खान, मुश्ताक खान, सिराजुद्दीन खान, सलीम जावेद एडवोकेट, इंसाफ अली , राजू शेख, असलम शेख, ईमरान खान, हिदायत खान, जलाल खान, इरफान खान, अनवर खान,अरमान खान, कासम खान,एजाज अली, नोहसिन खान, रूहान शेख, असलान आदि मौजूद थे।

# पोकरण सिंचाई योजना व पर्यटन विकास की मांग

**पोकरण**, (निसं)। जैसलमेर जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति में सदस्य मनोनीत किए जाने के बाद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता जुगल किशोर व्यास ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर के साथ समिति की बैठक एवं जन समस्याओं के निराकरण को लेकर हुए अनुभवों की जानकारी ली।

अधिवक्ता व्यास ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति के माध्यम से आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके नियमानुसार एवं शीघ्र निराकरण के लिए भरपूर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समिति के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से रखकर समाधान करवाने का प्रयास रहेगा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान अधिवक्ता जुगल किशोर व्यास ने जय नारायण व्यास पोकरण लिफ्ट सिंचाई योजना के विस्तार की मांग रखी। उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए योजना का लाभ अधिक क्षेत्र तक पहुंचाने की मांग की। व्यास ने पोकरण में पर्यटन विकास को लेकर भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

# एथलेटिक्स संघ जालोर के कन्हैयालाल अध्यक्ष बने




**जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के निर्विरोध चुनाव में कन्हैयालाल मिश्रा को अध्यक्ष व शिवदत्त आर्य को सचिव चुना।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के रविवार को निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए।

चुनाव में कन्हैयालाल मिश्रा को अध्यक्ष व शिवदत्त आर्य को सचिव चुना गया।रविवार सुबह 11 बजे चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश खंडेलवाल के निर्देशन में आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में विधिवत चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला क्रीडा परिषद से पर्यवेक्षक के रूप में जिला खेल अधिकारी के प्रतिनिधि बॉक्सिंग कोच पुष्पेन्द्र परमार,राजस्थान एथलेटिक्स संघ से पर्यवेक्षक के रूप में हरदेव आर्य व रजिस्ट्रार ऑफिस से नियुक्त जिला एथलेटिक्स संघ जालोर कि तदर्थ समिति के संयोजक विनोद आर्य मौजूद थे। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ जालोर की आगामी चार वर्षीय नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह,विनोद कुमार, संयुक्त सचिव अंबिका प्रसाद तिवारी, अक्षय पाल सिंह,कोषाध्यक्ष भरत कुमार,व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वरुण कुमार, कांतिलाल,जितेंद्र खत्री, शुभम आर्य चुने गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित आर्य वीर दल जालोर के संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने कहा कि जिला एथलेटिक्स संघ जालोर ने लगातार खेल के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है।उन्होंने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए संगठन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि एथलेटिक्स आज भारत में तेजी से बढता हुआ खेल है।उन्होंने कहा कि नवीन कार्यकारिणी जिले में एथलेटिक्स खेल को और भी बेहतर बनाने का कार्य करेगी। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के नवनिर्वाचित सचिव शिवदत्त आर्य ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।संपूर्ण चुनाव कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने का कार्य भावेश कुमार व अनीता कुमारी ने किया।

# दिव्यांग नवल किशोर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा

**जोधपुर**, (कासं)। घर-घर लहराए तिरंगा हमारा अभियान के अंतर्गत रविवार को भूतनाथ महादेव मंदिर प्रांगण से जबरनाथ गौशाला तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले राष्ट्रप्रेमियों ने पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

तिरंगा यात्रा से पूर्व जोधपुर की पूर्व विधायक स्वर्गीय श्रीमती सूर्यकांता व्यास को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रीमती व्यास का इस तिरंगा यात्रा से पुराना और भावनात्मक जुड़ाव रहा है।अपने जीवनकाल में वे प्रत्येक राष्ट्रीय उत्सव के अवसर पर दिव्यांग नवल किशोर जोशी के साथ तिरंगा यात्रा की अगवानी किया करती थीं। इस बार उनकी अनुपस्थिति में यात्रा में शामिल लोगों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक सरोकारों को नमन किया।

मारवाड़ सोशल मीडिया सहयोग संस्थान के प्रवक्ता कन्हैयालाल पुरोहित ने बताया कि भूतनाथ महादेव मंदिर परिसर में भारत माता के जयघोष और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। तिरंगा हाथों में लेकर जब यात्रा आगे बढ़ी तो पूरा मार्ग देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा के बाद भूतनाथ महादेव मंदिर के 91 वर्षीय वरिष्ठ सदस्य श्री गोविंद जी बोहरा ने राष्ट्रध्वज का आरोहण किया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, बंशीधर जोशी, गार्ड साहब, राजकुमार वर्मा, आनंद सी. पुरोहित, रामजी व्यास, चंद्रकला, भीम सिंह राजपुरोहित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बाड़मेर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। बाड़मेर जिले में रविवार को तिरंगा प्रभात फेरी के साथ हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत हुई। इस दौरान बाड़मेर जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक तिरंगा प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्मिकों के साथ आमजन उत्साह से शामिल हुए।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला परिषद कार्यालय से तिरंगा प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें तिरंगे के साथ कार्मिकों ने देशभक्ति का संदेश दिया। इसी तरह उपखंड, पंचायत समिति मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों एवं प्रतिभागियों को राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई।



**बाड़मेर जिला परिषद सहित उपखंड, पंचायत समिति मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा प्रभात फेरियों का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## प्रभात फेरी में गूंजे देशभक्ति के संदेश

प्रभात फेरी में जन प्रतिनिधियों, कार्मिकों के साथ आमजन ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। इधर, जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने आमजन से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने तथा अपने घरों, वाहनों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

पंचायत समिति फागलिया में रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस प्रभात फेरी का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और आमजन को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। प्रभात फेरी में विकास अधिकारी अणदाराम, आरपी श्रेणीदान चारण, सरपंच प्रतिनिधि पुरसिंह चौहान, मंगलाराम गोसाई, जालमसिंह अध्यापक भोपाल सिंह, मोहनलाल विश्नोई, वीरसिंह, छैलसिंह सहित पंचायत समिति के अधिकारी, कार्मिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं सैकड़ों ठामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन्होंने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगाते हुए पूरे कस्बे में भ्रमण किया। उन्होंने तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों का आभार जताते हुए 15 अगस्त तक प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने की अपील की।

## सहभागिता व समन्वय से लोगों को जोड़ने के प्रयास

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाड़मेर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में विभिन्न विभागों की सहभागिता एवं समन्वय से आमजन को अभियान से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। कलैक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि सोमवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ जनसमुदाय, विद्यार्थियों एवं सभी वर्गों की सहभागिता से तिरंगा रैली,यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं सभी वर्गों से तिरंगा रैली में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आहवान किया है।

# जोधपुर में बह रही है प्रवचनों की सरिता

**■ जोधपुर में चातुर्मास के अन्तर्गत प्रवचनों का दौर जारी**

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में चातुर्मास के अन्तर्गत प्रवचनों की सरिता बहन रही है।

खेरादियों का बास स्थित श्री राजेन्द्र भवन में विराजित साध्वी रत्नरेखा, अनुपदृष्टा श्री एवं कल्पदर्शिता श्रीजी म.सा. ने चातुर्मास प्रवचन में कहा कि युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। आज का युवा धर्म से दूर हो रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि वह धर्म से दूर क्यों हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा नई सोच रखता है और हर बात को समझना चाहता है। इसलिए उसे केवल यह कहना कि ऐसा ही करना है, पर्याप्त नहीं है। उसे यह भी समझना होगा कि ऐसा क्यों करना है और इससे उनके जीवन को क्या मिलेगा।

साध्वी श्रीजी ने कहा कि धर्म को केवल मंदिर और पूजा तक सीमित नहीं रख कर क्रोध पर नियंत्रण, माता-पिता का सम्मान, दूसरों के प्रति प्रेम, ईमानदारी और संयम भी धर्म है ।

दूसरी तरफ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक खरतरगच्छ श्री संघ के तत्वावधान में आयोजित आत्मजागृति चातुर्मास पर्व के अंतर्गत रविवार को विशेष प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिनशिशुप्रज्ञा श्रीजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। अपने दैनिक प्रवचन के दौरान रत्नाकर पच्चीसी के माध्यम से अपनी आत्मा को निष्पाप कैसे बनाएं विषय पर प्रवचन प्रस्तुत दिया।

जिनशिशुप्रज्ञा श्रीजी ने परमात्मा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा चिंतामणि रत्न, कल्पवृक्ष एवं कामधेनु के समान हैं। इस पंचम काल में ज्ञान योग, क्रिया योग और भक्ति योग में से भक्ति योग ही सबसे श्रेष्ठ है। परमात्मा की भक्ति ही मुक्ति का सबसे सहज और सुगम मार्ग है, जिसके द्वारा व्यक्ति अध्यात्म में प्रवेश करता है और स्वयं के वास्तविक स्वरूप को समझ पाता है।

गांधी मैदान, सरदारपुरा में चल रही 53 दिवसीय चातुर्मास प्रवचनमाला के अंतर्गत रविवार को आध्यात्मिकता के साथ मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। संबोधि धाम ट्रस्ट मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जोधपुर की 19 मानव सेवा भावी संस्थाओं को उनके उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही संबोधि धाम की ओर से इन संस्थाओं को विशेष सहयोग राशि भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रसंत चंद्रप्रभ महाराज ने कहा कि समाज में सेवा की भावना जितनी मजबूत होगी, उतना ही समाज संवेदनशील, संस्कारी और मजबूत बनेगा। जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, पर्यावरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

